प्रेस नोट

थाना साइबर क्राइम **दिनांक:- 02-04-2024**

फर्जी आई0ए0एस0 अधिकारी गिरफ्तार

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस ने भोले–भाले लोगों को कॉल करके खुद को आई0ए0एस0 अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधडी से धनराशि ट्रांसफर कराकर ठगी करने वाले शातिर साइबर ठग को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से आई–फोन सहित 02 मोबाइल फोन, इनकम टैक्स विभाग की फर्जी रसीदें, आई0ए0एस0 अधिकारी का फर्जी आई कार्ड, नकदी एवं घटना कारित करने में स्कूटी बरामद।**
- **अभियुक्त शातिर किस्म का साइबर अपराधी है, जिसके द्वारा सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर अब तक सैकड़ो लोगों के साथ ऐसी घटनाएं कारित करते हुए लाखों रूपये की ट्रांजेक्शन कर आर्थिक लाभ कमा चुका हैं।**

कार्यवाही:–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में साइबर अपराध एवं अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा भोले–भाले लोगों को कॉल करके खुद को आई0ए0एस0 अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधडी से धनराशि ट्रांसफर कराकर ठगी करने वाले शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया गया है।

जिसके कब्जे से आई–फोन सहित 02 मोबाइल फोन, इनकम टैक्स विभाग की फर्जी रसीदें, आई0ए0एस0 अधिकारी का आई कार्ड, घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध करने का तरीका:–

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं श्री हरी जी परमात्मा महाराज के सत्संग में जाता रहता हूं सत्संग में आने वाले भोले–भाले लोगों से उनका मोबाइल नम्बर लेकर फिर कुछ दिन बाद उनको कॉल करके खुद को आई0ए0एस0 अधिकारी बताकर विश्वास में लेकर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधडी से धनराशि ट्रांसफर कराकर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र व उनसे

मेरे द्वारा ऑनलाइन ली गयी धनराशि की फर्जी बॉन्ड की रसीद भेजकर ठगी करता हूं इसी प्रकार मैंने हापुड के गजालपुर बाबूगढ के रहने वाले अनिल पुत्र शिवदास सिंह व दीपक पुत्र प्रमोद से मैंने खुद को आई0ए0एस0 अधिकारी बताकर विश्वास में लेकर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधडी से धनराशि ट्रांसफर कराकर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र व उनसे मेरे द्वारा ऑनलाइन ली गयी धनराशि फर्जी बॉन्ड की रसीद व नियुक्ति पत्र भेजकर ठगी की है।

नोटः–

गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म साइबर अपराधी जिसके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों/राज्यों से जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

मेरठ रोड पर छप्पन भोग के पास से, ***दिनांक*** 02.04.2024

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–

प्रियांस कुमार पुत्र ब्रज किशोर निवासी ग्राम कीनानगर थाना भावनपुर जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरणः–

1. एक आई–फोन सहित 02 मोबाइल फोन
2. 1500 रूपये नकदी
3. इनकम टैक्स विभाग की फर्जी कूटरचित रसीदें।
4. आई0ए0एस0 अधिकारी का फर्जी आई कार्ड।
5. घटना में प्रयुक्त स्कूटी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री नजीर अली खान प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
2. निरीक्षक श्री अरविन्द चौधरी थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री विनीत थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
4. है0का0 सुनील कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
5. है0का0 साजुद्दीन खान थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

5\. कां0 नीरज कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

6\. का0 दीपक कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।